ग्रेटर नोएडा से आगरा तक बनेगा हेरिटेज कॉरीडोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : प्रदेश सरकार ग्रेटर नोएडा से आगरा तक हेरिटेज कॉरीडोर बनाने जा रही है। इसके अंतर्गत हेरिटेज सिटी भी विकसित की जाएगी। क्षेत्र को इस तरह संवारा जाएगा ताकि हर जगह भगवान श्री कृष्ण व बृज की पूरी संस्कृति दिखाई दे। राजस्थान के चौखी ढाणी की तर्ज पर यहां पर भी एक पर्यटन स्थल विकसित किया जाएगा।

पत्रकारों से बात करते औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना • जागरण

औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने गुरुवार को बताया कि हर वर्ष बृज क्षेत्र में पांच करोड़ पर्यटक आते हैं। क्षेत्र में गो पालन को और बढ़ावा दिया जाएगा। हेरिटेज कॉरीडोर बनने से मथुरा-वृंदावन आने वाले पर्यटकों को नया पर्यटन स्थल देखने को मिलेगा। पर्यटन के नए इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित होंगे। यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के दो नगरीय केंद्रों में एक टप्पल-बाजना नगरीय केंद्र के तहत लॉजिस्टिक हब तथा राया नगरीय केंद्र के तहत हेरिटेज सिटी का भी विकास किया जाएगा। जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वर्ष 2023 में शुरू हो जाएगा। वर्तमान वित्तीय वर्ष में औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने एक हजार से अधिक भूखंड उद्योगों को आवंटित किए हैं। इससे 9700 करोड़ रुपये के निवेश के साथ ही करीब दो लाख लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। कुल 740 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। यूपी इन्वेस्टर्स समिट 2018 के 43 फीसद एमओयू कार्यान्वयन के करीब हैं। कोविड-19 के बावजूद 8500 करोड़ की निवेश वाली सात परियोजनाओं में वाणिज्यिक संचालन शुरू हो गया है। स्वदेशी व बहुराष्ट्रीय कंपनियों के करीब 45 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव और मिले हैं। इसमें जापान, अमेरिका, कनाडा, जर्मनी आदि देशों की कंपनियों के करीब 40 से अधिक निवेश के प्रस्ताव शामिल हैं।